卐 श्री सदगुरु देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ॥
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ॥

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

•वर्ष 26 •अंक 16 •पृष्ठ 8 •रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) •बृहस्पतिवार •23 अक्टूबर 2025 •मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## स्कॉर्पियो गहरी खाई में गिरने से 3 युवकों की मौत, 2 घायल



ऋषिकेश। पावकी देवी मोटर मार्ग पर बुधवार रात एक भयावह हादसा हो गया, जिसमें गुमानीवाला से नरेंद्र नगर के नाई गांव जा रही बरात में शामिल स्कॉर्पियो वाहन लगभग 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। दुर्घटना में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बारात में शामिल पांच युवक स्कॉर्पियो में सवार थे। हादसा गूलर से लगभग 18 किलोमीटर पहले कुंडिया गांव के नजदीक हुआ। वाहन अचानक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। घटना की सूचना भी उसी वाहन में सवार एक युवक ने अपने दोस्त को फोन करके दी, साथ ही लोकेशन भी भेजी। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। मृतकों की पहचान विमल कंडियाल, राहुल कलूड़ा और आशीष कलूड़ा के रूप में हुई है जो श्यामपुर के रहने वाले थे। घायलों की पहचान निखिल रमोला और तनुज पुंडीर, निवासी श्यामपुर के रूप में हुई है। एसडीआरएफ इंस्पेक्टर कविंद्र सजवाण ने बताया कि अंधेरा होने के बावजूद टीम ने कड़ी मशक्कत से खाई में उतरकर घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला और मृतकों के शव भी पुलिस को सौंप दिए। (शेष पृष्ठ सात पर)

## शीतकाल के लिए बाबा केदार के कपाट बंद

रूद्रप्रयाग (उद संवाददाता)। केदारनाथ मंदिर के कपाट बृहस्पतिवार को भाई दूज के पावन पर्व के अवसर पर 8:30 बजे वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक परंपराओं के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। हजारों श्रद्धालुओं ने भी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान पूरी केदारघाटी हर हर महादेव और जय बाबा केदार के जयघोष से गूंज उठी। इस मौके पर सीएम धामी भी धाम पहुंचे। अब छह माह तक बाबा केदार की पूजा शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में होगी। कपाट बंद होने के मौके पर केदारनाथ मंदिर को फूलों से सजाया गया है। बुधवार को केदारनाथ भगवान की चल विग्रह पंचमुखी डोली को मंदिर के सभामंडप में विराजमान कर दिया गया था। मंदिर के कपाट बंद होने की प्रक्रिया विशेष पूजाओं के साथ सुबह चार बजे से शुरू हो गई थी। आज सबसे पहले केदरनाथ भगवान की चलविग्रह पंचमुखी डोली को सभामंडप से बाहर लाया गया। इसके बाद डोली को मंदिर की परिक्रमा कराई गई। प्रक्रिमा के बाद जयकारों के साथ मंदिर के कपाट बंद किए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को कपाटबंद होने (शेष पृष्ठ सात पर)





## स्कॉर्पियो में पकड़ा लाखों का गांजा,तस्कर गिरफ्तार

रामनगर( उद संवाददाता ) रामनगर कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पीरुमदारा चौकी इंचार्ज सुनील धानिक की अगुवाई में पुलिस कर्मियों की मदद से मुखबिर की सूचना पर आम पोखरा 64 गेट के पास एक स्कॉर्पियो वाहन को रोककर तलाशी ली, जिसमें से 45 किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद किया गया। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि वाहन में सवार हरजीत सिंह, निवासी मानपुर काशीपुर को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया (शेष पृष्ठ सात पर)



## खटीमा पहुंचे सीएम,लोगों की समस्याएं सुनी

खटीमा(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने कार्यक्रमानुसार गुरुवार खटीमा पहुंचे।खटीमा हेलीपेड लोहियाहेड पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों व जनता ने पुष्प देकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने हेलीपेड पर जनता से मुलाकात की व उनकी समस्याएं भी सुनी व समस्याओं का समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत अजय मौर्य,अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, वीसी पंतनगर विश्वविद्यालय डॉ मनमोहन सिंह चौहान,जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, वीसी जयकिशन, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी डॉ उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि,जनता उपस्थित थे





## सड़क किनारे शव मिलने से सनसनी

किच्छा। कोतवाली क्षेत्र के हल्द्वानी रोड पर स्थित हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर यात्रियों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान के प्रयास किए, किंतु अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृतक के हाथ पर 'जीवन' गुदा हुआ बताया जा रहा है। मृतक ने पैंट और शर्ट पहनी हुई थी। पुलिस का कहना है कि मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों को सूचना दी गई है (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर में घुसकर हमला, महिला सहित तीन घायल

रुद्रपुर( उद संवाददाता )। ग्राम मलसी में एक परिवार पर कुछ लोगों द्वारा घर में घुसकर की गई मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में महिला समेत तीन लोग घायल हुए हैं। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मलसी निवासी भूरा पुत्र राजू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 अक्टूबर 2025 की रात्रि लगभग 9 से 10 बजे के बीच जब वह अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद था, तभी (शेष पृष्ठ सात पर)

## कथित गौमांस से भरे दो पिकअप पकड़े

### हिंदू संगठनों ने पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत पर जताया आक्रोश



रामनगर। बैलपड़ाव चौकी क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक बड़ी घटना ने हड़कंप मचा दिया। हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने दो पिकअप वाहनों को पकड़ा जिनमें कथित रूप से गौमांस भरा हुआ था। यह मामला बैलपड़ाव चौकी क्षेत्र का है, जहां हिंदूवादी संगठनों का आरोप है कि बैलपड़ाव पुलिस और वन विभाग के कुछ कर्मियों ने वाहनों को रोकने की बजाय पैसे लेकर छोड़ दिया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि बैलपड़ाव चौकी में बैठे पुलिसकर्मियों और वन विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से अवैध मांस तस्करी हो रही है। उन्होंने चौकी इंचार्ज को तत्काल निलंबित करने और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। हिंदूवादी संगठन के मदन जोशी ने बताया सुबह कार्यकर्ताओं ने दो पिकअप वाहन पकड़े, जिनमें कथित गौमांस भरा हुआ था। पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों ने कथित (शेष पृष्ठ सात पर)

## सामिया लेक सिटी में महिला से दुष्कर्म का प्रयास

रूद्रपुर। सामिया लेक सिटी में घर में घुसकर छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़िता ने तमंचे से धमकाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गयी तहरीर में महिला ने 22 अक्टूबर की रात्रि जब उसके पति घर पर नहीं थे। तभी कालोनी में ही रहने वाला रवि यादव पुत्र समय पाल यादव उनके घर में घुस गया। घर में घुसते ही आरोपी ने आपत्तिजनक हरकत की और पीड़िता ने कहा कि उसने अपना हाथ छुड़ाकर बाहर भागकर जान बचाई और पति को सूचना दी। इसके बाद पति के साथ जब वह थाने में शिकायत करने जा रही थी तो आरोपी ने अपनी स्विफ्ट कार संख्या डीएलटीसीएस 8370 से उनकी कार का रास्ता रोका, कार से निकलर तमंचा दिखाया और गाली-गलौज करते हुए कहा कि यदि शिकायत की तो वह जान से मार देगा। इस कारण पीड़िता और उनके पति डर के मारे मौके से भागे। तहरीर में पीड़िता ने बताया है कि आरोपी ने उनके (शेष पृष्ठ सात पर)

## भैया दूज पर बाजार से गायब हुआ सूखा नारियल,मची मारामारी

रूद्रपुर। भैया दूज के पावन अवसर पर सूखे नारियल की अचानक कमी ने बाजार में हड़कंप मचा दिया। गुरूवार को बाजार में सूखा नारियल गायब हो गया, जिससे बहनों को पूजा-अर्चना के लिए कई दुकानों पर नारियल ब्लैक में खरीदना पड़ा। नारियल की इस कमी ने न केवल आम लोगों की पूजा-अर्चना में बाधा डाली, बल्कि दुकानदारों के लिए भी परेशानी का सबब बन गई। भैया दूज पर बहनों द्वारा सूखे नारियल के साथ भाईयों की पूजा-अर्चना करने और उन्हें नारियल भेंट करने की परंपरा है। लेकिन इस बार सुबह से ही बाजार में सूखे नारियल की भारी कमी देखी गई। जब लोग पूजा सामग्री खरीदने (शेष पृष्ठ सात पर)





## तिलक लगाकर बहनों ने की भाई की दीर्घायु की कामना

रुद्रपुर। भाई बहन पावन रिश्तों का पर्व भैया दूज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस पर्व पर सभी बहनें अपने प्यारे भाईयों के माथे पर रोली, चावल और फूलों से तिलक लगाकर उनके दीर्घायु और मंगलमय जीवन की कामना कर रही हैं। वहीं भाईयों द्वारा बहनों को नगद व अन्य उपहार दिये जा रहे हैं। भैया दूज एक ऐसा पर्व है जो हमें यह याद दिलाता है कि जीवन में हर रिश्ता काफी अहम होता है । भाई बहन का रिश्ता वास्तव में एक ऐसी अनमोल डोर है जो गुजरते समय के साथ साथ और भी मजबूत होती जाती है। भारतीय संस्कृति में भाई बहन का पावन रिश्ता स्नेह, विश्वास, समर्पण, सुरक्षा व खून के सम्बंधों से जुड़ा होता है। भैया दूज का पर्व दीपावली के दो दिन बाद मनाया जाता है। बहनें भाई को तिलक लगाने के साथ ही आरती उतारती (शेष पृष्ठ सात पर)

# कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, एक की मौत, दो घायल

ऋषिकेश। सात मोड़ के समीप एक इलेक्ट्रिक कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया गया है। बुधवार सुबह करीब छह बजे सात मोड़ के समीप एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। बताया जा रहा है कि कार काफी तेज गति से चल रही थी। सात मोड़ के समीप चालक कार से नियंत्रण खो बैठा और कार कच्ची सड़क में उतरकर सामने पेड़ से जा टकराई। तेज रफ्तार होने के कारण टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के सभी एयरबैग खुल गए। घटना स्थल से गुजर रहे लोगों ने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में सवार घायल तीन युवकों को बाहर निकाला और उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जिसकी पहचान अभिषेक (23) पुत्र राजकुमार सोनी, निवासी आदर्श ग्राम, कुम्हारबाड़ा ऋषिकेश के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि अभिषेक कार की



पिछली सीट पर बैठा था। गंभीर के रूप घायल था। दो अन्य घायल युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें एम्स रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक केसी भट्ट ने बताया कि तेज रफ्तार या ब्रेक फेल दुर्घटना के कारण हो सकते हैं। अन्य दो घायलों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। मामले में पूरी जानकारी जुटाई जा रही है। दुर्घटना के लिए सात मोड़ क्षेत्र अति संवेदनशील है। यहां अक्सर वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। इस क्षेत्र में कई स्थानों पर चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए है। बावजूद इसके अधिकांश वाहन चालक यहां तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। जो अक्सर दुर्घटना का कारण बनते हैं।

# विधायक शिव अरोरा के प्रति पूर्वांचल समाज में रोष

## बोले पिछले तीन वर्षों में की घोषणायें कोरी साबित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्वांचली समाज के लोग जहां छठ पूजा की तैयारियों में जुटे हुए हैं तो वहीं उनमें स्थानीय विधायक शिव अरोरा के प्रति भारी रोष भी देखा जा रहा है। रविन्द्रनगर स्थित छठ पूजा स्थल पर तैयारियों में लगे पूर्वांचली समाज के कई लोगों ने बातचीत में विधायक शिव अरोरा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा वर्ष 2022 में विधायक निर्वाचित होने के बाद प्रथम बार छठ पूजा स्थल पर बतौर मुख्य अतिथि पधारने पर पूजा स्थल के सौन्दर्यीकरण के लिए 10 लाख रूपये विधायक निधि से देने की घोषणा की गई थी। जिसका पूर्वांचल समाज द्वारा स्वागत करते हुए विधायक शिव अरोरा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि आगामी वर्ष 2023 में छठ पूजा पर्व पर विधायक शिव अरोरा को पुन: मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। समारोह के दौरान उन्होंने अपने सम्बोधन में छठ पूजा स्थल के सौन्दर्यीकरण के लिए एक बार फिर से 5 लाख रूपये विधायक निधि से देने की घोषणा की। जिसका पूर्वांचल समाज ने स्वागत कर विधायक का आभार व्यक्त किया। समाज के लोगों ने बताया कि गत वर्ष 2024 में आयोजित छठ पूजा पर्व के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक श्री अरोरा ने विधायक निधि से 10 लाख रूपये देने की घोषणा की थी। समाज के लोगों ने रोषित भरे शब्दों में कहा कि विधायक श्री अरोरा द्वारा गत तीन वर्षों में रविन्द्रनगर छठ पूजा स्थल के सौन्दर्यीकरण के लिए विधायक निधि से 25 लाख रूपये देने की घोषणा की जा चुकी है परंतु विधायक निधि से यहां पर आज तक एक भी रूपये का कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है। सारी की सारी घोषणायें महज हवाई साबित होकर रह गई हैं। उन्होंने बताया कि छठ पूजा स्थल में सौन्दर्यीकरण के नाम पर पूर्व में स्थापित किये गये टीन शेड के नीचे सिर्फ पत्थर लगाये गये है और वह भी जिला योजना के माध्यम से पर्यटन, लघु सिंचाई विभाग द्वारा करीब 5 लाख रूपये का कार्य कराया गया। इसमें विधायक निधि का कोई भी योगदान नहीं रहा है। रोषित लोगों ने कहा कि विधायक श्री अरोरा द्वारा विधायक निधि से जहां अन्य धार्मिक स्थलों के सौन्दर्यीकरण के लिए निरंतर कार्य करवाये जा रहे हैं वहीं रविन्द्रनगर छठ पूजा स्थल की उनके द्वारा निरंतर उपेक्षा की जा रही है। जिससे पूर्वांचली समाज में रोष उभरना स्वाभाविक है। समाज के लोगों ने एक बार पुन: विधायक शिव अरोरा से आग्रह किया है कि उनके द्वारा गत तीन वर्षों में छठ पूजा स्थल के सौन्दर्यीकरण के लिए विधायक निधि से जो 25 लाख रूपये की घोषणायें की गई हैं उससे विकास कार्य प्रारम्भ करवाये जायें ताकि पूर्वांचली समाज को यहां छठ पूजा स्थल में और अधिक सुविधाओं का लाभ मिल सके।

# दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के मामले में दोनों पक्षों ने दी तहरीर

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 6 पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में दीपावली की रात बुलेट बाइक पटाका चलाने के बाद दो पक्षों में जम कर संघर्ष हुआ जिसमें एक पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल भी हो गए जबकि दूसरे पक्ष ने भी मारपीट का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों के द्वारा कोतवाली में लिखित शिकायत दी गई है जिस पर पुलिस जांच पर जांच कर रही है तथा दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के तैयारी में है। जहां एक पक्ष में दूसरे पक्ष पर जाति सूचक शब्द कहने का आरोप लगाया है वहीं दूसरे पक्ष ने भी पहले पक्ष पर घर में घुसकर गाड़ी तोड़ने एवं धार्मिक अपशब्द कहने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रहा है तथा घटना पर नजर बनाए हुए हैं। संभ्रांत नागरिकों द्वारा दोनों पक्षों में समझौता कराने का प्रयास भी किया जा रहा है। विगत दिवस एक पक्ष द्वारा तहरीर पुलिस से शिकायत की थी कि कुलदीप एवं उसके अन्य साथियों द्वारा उनके दरवाजे के सामने बुलेट मोटर साइकिल से आवाज कर पटाखे फोड़े जा रहे थे जिसे मना करने पर उन लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की तथा गाड़ी में तोड़फोड़ की। गाड़ी में तोड़फोड़ कर एवं घर में घुसकर मारपीट करने की तहरीर दिए जाने की सूचना पर बुधवार को दूसरे पक्ष ने भी कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर प्रथम पक्ष द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। पूर्व सभासद धनीराम के नेतृत्व में पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र के तमाम लोग कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर जांच की मांग की। वार्ड नंबर 6 निवासी राहुल पुत्र बनवारी लाल, सोनू पुत्र चंद्रपाल, कुलदीप सिंह एवं अमन ने संयुक्त रूप से कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 अक्टूबर की रात्रि करीब 10:30 बजे पुलभट्टा निवासी उनका मित्र कुलदीप सिंह दीपावली की मिठाई एवं बधाई देने उनके घर आया था। इस दौरान उनके द्वारा मित्र सोनू, अमन, संजू एवं अन्य लोगों के साथ रात्रि करीब 11 बजे घर के निकट गली में आतिशबाजी की गई।



उन्होंने आरोप लगाया कि आतिशबाजी की आवाज सुनकर वार्ड निवासी हरि सिंह, महेंद्र सिंह, हैप्पी, अभिजोत सिंह, महेंद्र सिंह एवं परिवार की महिलाओं ने घर से निकलकर आतिशबाजी का विरोध करते हुए जाति सूचक गालियां देना शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि गाली गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित तथा उसके दोस्तों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान जगरूप सिंह, हरि सिंह ने जाति सूचक गालियां देते हुए दोस्तों को पकड़ लिया और तलवार से हमला कर तीन टुकड़े करने की धमकी दी। पूर्व सभासद धनीराम ने कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर कुलदीप सिंह, राम भरोसे, राहुल कुमार, अजय कुमार, सुनील सागर, धनवती, सूरजमुखी आदि मौजूद रहे। विगत दिवस वार्ड 6 निवासी हरि सिंह ने आरोप लगाया था कि आरोपियों द्वारा बुलेट मोटर साइकिल से स्टंट करने तथा साइलेंसर पटाका बजाने का विरोध करने पर आरोपियों ने उन पर हमला बोल दिया था तथा घर के बाहर खड़ी उनकी रिट्ज कार पर पत्थरबाजी कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया था। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। दहेज के दानवों ने एक और बेटी की जान ले ली। शहर के व्यवसायी बलराम अग्रवाल ने अपनी पुत्री ज्योति बंसल की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को दहेज हत्या बताते हुए ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ज्योति बंसल का विवाह 22 अप्रैल 2023 को एम्बिएन्स रिसॉर्ट, रुद्रपुर में दिपांशु मित्तल निवासी प्रतापपुर, नानकमत्ता के साथ हिंदू रीति-रिवाजों से हुआ था। बलराम अग्रवाल ने विवाह के समय अपनी सामर्थ्य के अनुसार वर पक्ष को 51 लाख रुपये नकद, इनोवा कार, सोने के आभूषण, महंगे वस्त्र, बर्तन और गृहस्थी का पूरा सामान उपहार स्वरूप दिया था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही दिपांशु मित्तल, उसके पिता सुनील मित्तल, माता इन्दु मित्तल, ननद डॉ. दिव्याशी गोयल, जेठ हिमांशु मित्तल और अन्य परिजनों ने ज्योति से एक करोड़ रुपये नकद और फॉर्च्यूनर कार की मांग शुरू कर दी थी। मांग पूरी न होने पर ज्योति को लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। तहरीर में बताया गया है कि दिसंबर 2023 में ज्योति ने एक कन्या, कृषा को जन्म दिया, जिसके बाद ससुराल पक्ष और अधिक नाराज रहने लगा। वर्ष 2025 में जब ज्योति दोबारा गर्भवती हुई, तो ससुराल पक्ष ने अवैध रूप से लिंग परीक्षण कराया। भ्रूण में कन्या होने की जानकारी मिलने पर 28 जून 2025 को ज्योति का जबरन गर्भपात कराया गया। इस दौरान लापरवाही के चलते उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार, 4 जुलाई 2025 को ससुराल पक्ष ने ज्योति को नशा मुक्ति केंद्र, नोएडा ले जाने की बात कहकर झूठी जानकारी दी, जबकि बाद में पता चला कि उसे गलत दवाइयों के कारण ब्रेन ब्लीडिंग हो गई थी। इसके बाद उसे मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम में भर्ती कराया गया, जहाँ इलाज के दौरान 11 जुलाई 2025 को उसकी मृत्यु हो गई।आरोप है कि ज्योति को जानबूझकर अस्पताल से जल्द डिस्चार्ज करवाकर ससुराल पक्ष के लोग एंबुलेंस से ले गए और रास्ते में उसकी हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि जब तक वे प्रतापपुर पहुंचे, तब तक अंतिम संस्कार की तैयारी की जा चुकी थी। बलराम अग्रवाल ने तहरीर में ज्योति के पति दिपांशु मित्तल, ससुर सुनील मित्तल, सास इन्दु मित्तल, ननद डॉ. दिव्याशी गोयल, ननदोई डॉ. रजत गोयल, जेठ हिमांशु मित्तल तथा अन्य परिजनों को हत्या, दहेज उत्पीड़न और षड्यंत्र में शामिल बताया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मृतका के सभी गहने, जेवर और स्त्रीधन भी ससुराल पक्ष ने हड़प लिए हैं। तहरीर मिलने के बाद ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने दहेज हत्या, षड्यंत्र और अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

सितारगंज। नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक बाइक से अपने घर जा रहा था और वह परिवार का इकलौता बेटा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।यूपी के बहेड़ी स्थित ग्राम सिली जागीर निवासी भगवंत सिंह (29) मंगलवार की रात सितारगंज से अपने घर जा रहा था। किच्छा हाईवे पर शिव मंदिर के पास अज्ञात वाहन से बाइक की टक्कर हो गई। बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वाहनों की टक्कर से आई तेज आवाज पर लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस व मृतक के परिजनों को जानकारी दी।पुलिस ने एंबुलेंस से बुरी तरह घायल भगवंत को उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का एक पैर पूरा कुचल गया था और सिर भी फट गया था।मृतक के चचेरे भाई हरप्रीत सिंह ने बताया कि भगवंत अविवाहित था और वह अपनी मां हरपिंदर कौर के साथ रहता था। उसके पिता का पहले ही देहांत हो चुका है और उसकी दो बहनें शादीशुदा हैं। मृतक खेती कर परिवार का भरण-पोषण करता था।सीओ बीएस धौनी ने बताया कि बाइक को टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम ने ब्लड कैंसर पीड़ित बालक के उपचार हेतु परिजनों से वार्ता कर दिया आश्वासन

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बार फिर अपनी मानवीय संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय दिया। मुख्यमंत्री जी ने कोटद्वार (जिला पौड़ी गढ़वाल) निवासी श्रीमती प्रीति नेगी से दूरभाष पर वार्ता कर उनके 12 वर्षीय पुत्र सुशांत नेगी के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की।श्रीमती प्रीति नेगी ने अपने पुत्र, जो ब्लड कैंसर से पीड़ित है, के उपचार हेतु सहायता की मांग को लेकर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी को एक पत्र प्रेषित किया था। पत्र का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री जी ने व्यक्तिगत रूप से श्रीमती नेगी से संपर्क साधा और बालक सुशांत के उपचार की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री धामी ने इस अवसर पर कहा कि सरकार हर जरूरतमंद व्यक्ति के साथ खड़ी है और किसी भी असहाय परिवार को अकेला महसूस नहीं होने देगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार द्वारा सुशांत के उपचार में हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।मुख्यमंत्री जी ने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर बालक के उपचार हेतु यथाशीघ्र मदद उपलब्ध कराई जाए, ताकि उसके उपचार में कोई बाधा न आए। मुख्यमंत्री धामी का यह कदम प्रदेश में जनसरोकारों के प्रति उनकी संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय क्षमता का एक और उदाहरण है।

# वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार जोगिंदर सिंह का निधन

दिनेशपुर(उद संवाददाता)।भाजपा के वरिष्ठ नेता सरदार जोगिंदर सिंह (80) का बीमारी के बाद मंगलवार देर रात्रि निधन हो गया। सरदार जोगिंदर सिंह पिछले



एक माह से बहुत ज्यादा बीमार थे, उनके निधन का समाचार मिलते ही नेता नगर गांव के साथ-साथ भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर छा गई। विधायक अरविंद पांडे समेत तमाम जनप्रतिनिधि उनके निवास पर पहुंचकर परिजनों को ढाढ़स बंधाया। परिजनों के अनुसार बुधवार सुबह नेता नगर शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व कैबिनेट मंत्री व गदरपुर विधायक अरविंद पांडे, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष हिमांशु सरकार, विजयनगर ग्राम सभा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि त्रिनाथ विश्वास, जिला पंचायत सदस्य बाजपुर जितेंद्र शर्मा उर्फ सोनू, राजेंद्र पाल सिंह के अलावा सतनाम सिंह साहू, शेर प्रताप सिंह साहू, आलमजीत सिंह साहू, जोगा सिंह साहू, बलविंदर सिंह साहू आदि लोग मौजूद रहे।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर

चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा
• प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी
• जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# पूर्व विधायक शुक्ला ने छठ पूजा की तैयारियों का लिया जायजा

किच्छा।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फूलसूंगा, फुलसुगी, गंगापुर, गणेशपुर, नारायणपुर, कोठा कॉलोनी एवं रामेश्वरपुर में पहुंचकर छठ पूजा समितियों के पदाधिकारियों से मुलाकात की तथा छठ पूजा स्थलों पर सफाई व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया।उन्होंने कहा कि छठ पूजा लोक आस्था का महान पर्व है, जिसमें स्वच्छता, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का विशेष महत्व है। प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने जिले में 27 अक्टूबर को छठ पूजा के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर जन भावनाओं का सम्मान किया है, जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।पूर्व विधायक शुक्ला ने बताया कि उन्होंने छठ पर्व से पूर्व सफाई, रंगाई-पुताई एवं अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए किच्छा नगर पालिका क्षेत्र में व्यवस्थाओं के सुधार हेतु प्रशासक / अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजा, लालपुर नगर पंचायत क्षेत्र के लिए पालिका अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी लालपुर को पत्र प्रेषित, नगर निगम रुद्रपुर क्षेत्र के छठ घाटों की सफाई एवं रंगाई-पुताई के लिए मेयर / नगर आयुक्त को पत्र भेजा, नगला क्षेत्र में व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने हेतु पालिका अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखा है। वहीं पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर स्थित समस्त छठ घाटों की सफाई एवं पूजा व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान को पत्र लिखकर नगर पालिका नगला के सहयोग से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का आग्रह किया गया है।राजेश शुक्ला ने कहा कि छठ पूजा हमारे लोक जीवन की आस्था और अनुशासन का प्रतीक है, इसे स्वच्छता और भक्ति के साथ मनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।इस दौरान पार्षद पवन राना,ग्रामप्रधान नारायणपुर दीपिका देवी,ग्राम प्रधान रमेशपुर मनविंदर सिंह, ग्राम प्रधान गंगापुर रेखा देवी, रोहित भट्ट ,जेपी सिंह, अविनाश चौधरी, मनोज ठाकुर, रेनू यादव, कुमारी प्रियंका, संजीव पांडे, ब्लॉक प्रमुख पति जितेंद्र गौतम, विजेंद्र यादव, ऋषिकेश सिंह, दीपक मिश्रा, रजनीश कुमार, मोहित मिश्रा, नारायण पाठक ,आदेश मिश्रा, अभिजीत पाठक, अंकित पाठक, त्रिलोकी सिंह, निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य बंटी खुराना, लवली सिंह, सुनील मिश्रा समेत समस्त छठ पूजा कमेटी उपस्थित थे।



# दबंगों ने युवक को धोखे से बुलाकर पीटा, मुकदमा दर्ज

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली अंतर्गत ग्राम तुर्कागौरी में दबंग युवक द्वारा युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि पीड़ित के साथ आरोपी के साथियों द्वारा धोखे से बुलाकर मारपीट की गई तथा आरोपी के परिजनों से शिकायत करने पर उनके द्वारा भी गाली गलौज कर मारपीट करते हुए हमला किया गया। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में ग्राम तुर्कागौरी निवासी नीरज कुमार पुत्र रमाकांत गुप्ता ने बताया कि विगत 18 सितंबर की रात्रि करीब 9 बजे ग्राम स्थित उमेश प्रधान की दुकान पर आरोपी मानव सक्सेना पुत्र विनय सक्सेना द्वारा पीड़ित के साथ मारपीट की गई। पीड़ित ने बताया कि घटना के अगले दिन रात्रि करीब 9 बजे ग्राम निवासी अंकुश यादव ने पीड़ित को फोन कर ग्राम स्थित मंदिर के निकट किसी काम से बुलाया। पीड़ित के मौके पर पहुंचते ही शुभम सक्सेना, दीपक यादव, नसीब अंसारी ने पीड़ित के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपीगण धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार 21 सितंबर को पीड़ित के परिवारजन आरोपी दीपक यादव की शिकायत करने उसके घर पहुंचे तो दीपक यादव, शिशुपाल यादव, अनिल यादव ने उनके साथ मारपीट कर पीड़ित की दुकान जलाने की धमकी दी। बताया कि आरोपी मानव सक्सेना के खिलाफ किच्छा कोतवाली में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं तथा आरोपी द्वारा आए दिन ग्रामीणों के साथ लड़ाई झगड़ा एवं मारपीट की जाती है तथा आरोपी से पीड़ित एवं पीड़ित के परिवार को जान माल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित के अनुसार आरोपी द्वारा फोन पर दी गई धमकियों की फोन कॉल रिकॉर्डिंग पीड़ित के पास मौजूद है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# बस एवं कार चालकों के विवाद में दूसरे पक्ष के खिलाफ भी केस दर्ज

किच्छा(उद संवाददाता)। विगत दिनों आदित्य चौक के पास बस एवं कार चालकों के बीच में हुए विवाद ने नया मोड़ ले लिया है पहले बस चालक ने कार चालक पर मारपीट जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था जिस पर कार चालकों ने भी बस चालकों पर मुकदमा पंजीकृत कराया है। बस में खरोच लगने की मामूली बात पर कार चालक एवं बस चालक के बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने कार चालक की शिकायत पर बस चालक तथा उनके साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में कोतवाली अंतर्गत ग्राम शिमला पिस्तौर निवासी दिवाकर पुत्र स्वर्गीय दीनाराम ने बताया कि 5 अक्टूबर की रात्रि करीब 11 बजे वह अपनी नई स्विफ्ट डिजायर कार से अपने मित्र विवेक, सुशील, स्वदेश सिंह एवं अंकित तिवारी के साथ लालपुर से घर वापस लौट रहा था, इसी दौरान आइडिया कॉलोनी के सामने निजी बस संख्या यूके 06 पीए 1905 के चालक विक्की ने सड़क पर खड़ी सवारियों को बैठाने के लिए अचानक बस को ब्रेक मार दी। जिसके चलते कार का अगला हिस्सा बस के टकराने से क्षतिग्रस्त हो और कार पलटने से बच गई। आरोप है कि घटना के बाद बस चालक ने गाली गलौज करते हुए मारपीट का प्रयास किया और बस मरम्मत के नाम पर पैसे की मांग की। पीड़ित के अनुसार पैसे देने से मना करने पर बस चालक ने तीन अन्य लोगों को मौके पर बुला लिया और पीड़ित के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने पर आरोपियों ने पीड़ित के दोस्तों से भी मारपीट की, जिसमें विवेक का एक हाथ टूट गया और पीठ पर गंभीर चोट लग गई। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# काली पूजा एवं दीपावली महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सी ब्लाक ट्रांजिट कैम्प में मां काली बाड़ी पूजा कमेटी द्वारा आयोजित श्री श्री सार्वजनिक मां काली पूजा एवं दीपावली महोत्सव का भव्य समापन हुआ। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे, जिन्होंने कलाकारों और आयोजकों को मंच पर सम्मानित कर इस महोत्सव की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि ऐसे आयोजनों का समाज और संस्कृति में विशेष महत्व है। मां काली की पूजा और दीपावली का यह पर्व हमें आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ-साथ सामाजिक एकता का संदेश देता है। धार्मिक आयोजन जहां हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हैं, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच भी प्रदान करते हैं। इससे नई पीढ़ी में आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना का विकास होता है। आज का यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक मेल-जोल और भाईचारे को भी मजबूत करता है। हमें चाहिए कि हम इस तरह के आयोजनों को निरंतर बढ़ावा दें ताकि आने वाले समय में उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर और अधिक समृद्ध हो सके। इस मौके पर कमेटी के पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुबीर दास और मानस बैरागी ने किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री तरूण दत्ता, पूर्व सभासद परिमल राय, राजकुमार शाहा, पार्षद शुभम दस, कमेटी के अध्यक्ष अपूर्व विश्वास, उपाध्यक्ष शानू दास, रितिक मण्डल, सत्यम ढाली, सचिव अभिषेक गुप्ता, कोषाध्यक्ष विक्की दास, उप सचिव संजीव साहा, देवराज हालदार, विशाल सरकार,अजीत प्रकाश, आनन्द शर्मा, बृजेन केरू मण्डल, अजीत शाह, अमलेन्दू ढाली, महेश राय, बाबू सरदा, सुमित राय मनोज कर, हैप्पी, राज चक्रवर्ती, काजल, पंकज सेन, आकाश मण्डल, तापस विश्वास, विकास गाईन, मनीष कश्यप, सुमित बर्मन, महेश राय, शंभू चक्रवर्ती आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।



# शिक्षकों के तबादलों के लिए विभाग के पास पहुंचे तीन हजार से अधिक आवेदन

देहरादून। प्रदेश में शिक्षकों के धारा 27 के तहत तबादलों के लिए शिक्षा विभाग के पास तीन हजार से अधिक आवेदन पहुंचे हैं। इसमें बेसिक के 1500 और माध्यमिक के करीब 1800 शिक्षक शामिल हैं।शिक्षा विभाग में इस साल शिक्षकों के अनिवार्य तबादले नहीं हुए। जिससे शिक्षकों में नाराजगी है। उनका कहना है कि अन्य विभागों में जहां कर्मचारियों के अनिवार्य तबादले किए गए, वहीं छोड़ दिया गया। अन्य विभागों की तरह शिक्षकों के भी अनिवार्य तबादले किए जाएं लेकिन शिक्षा विभाग ने अनिवार्य तबादले न कर धारा 27 के तहत शिक्षकों के तबादलों का निर्णय लिया है। विभाग ने इसके लिए शिक्षकों से आवेदन मांगे थे। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक बेसिक शिक्षा में करीब 1500 शिक्षकों ने तबादलों के लिए आवेदन किया है जबकि माध्यमिक शिक्षा में 800 प्रवक्ताओं और करीब एक हजार सहायक अध्यापक एलटी शिक्षक धारा 27 के तहत तबादला चाहते हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि तबादलों के लिए जल्द शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। शिक्षकों के धारा 27 के तहत तबादलों के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित है। यह समिति तबादलों की सिफारिश करती है। मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद तबादले किए जाते हैं।प्रदेश में लागू किए गए तबादला एक्ट में विभिन्न श्रेणियों में कार्मिकों के तबादलों की व्यवस्था है लेकिन विशेष परिस्थिति या गंभीर रूप से बीमार होने वाले ऐसे कार्मिक जो एक्ट के मुताबिक सामान्य श्रेणी के किसी तबादले के दावेदार नहीं होते उनके लिए एक्ट की धारा 27 के तहत तबादलों के लिए आवेदन की व्यवस्था है।

# दिनेशपुर और हरिदासपुर काली माता की मूर्ति का हुआ विसर्जन

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। अमावस्या तिथि पर श्यामा काली का पूजन के पश्चात बुधवार को मां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाल नम आंखों से मां को विदाई दी। इस दौरान ढाक, शंख और अन्य वाद्य यंत्रों के साथ भक्तिमय माहौल बना। बीते सोमवार को दिनेशपुर बाजार के दुर्गा मंदिर, प्राचीन काली मंदिर, काली नगर, जगदीशपुर, खानपुर, धर्मनगर, हरिदासपुर और पिपलिया क्षेत्रों में पुरुष और महिलाएं उपवास रखकर पूजा में शामिल हुए। सभी स्थानों पर करीब 12 बजे से पूजा प्रारंभ हुई और सुबह 4 बजे हवन व पुष्पांजलि के साथ संपन्न हुई। पूजा समापन के बाद बुधवार को श्यामां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाल नम आंखों से मां को विदाई दी। पूजा समापन के बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने धूमधाम से श्यामां काली की प्रतिमा का धर्म नगर नदी में विसर्जन किया। विसर्जन से पहले नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ मां को नाम आंखों से विदाई दी। इस मौके पर दिनेशपुर दुर्गा मंदिर कमेटि अध्यक्ष रोहित मंडल, महासचिव गोबिंद मंडल, कोषाध्यक्ष सुकुमार सरकार,विशु राय, उर्वशी राय, विशु राय, उर्वशी राय, नितू मंडल, रीता गाईन, सुनीता मिस्त्री, प्रभा राय, शिखा ढाली, मीना मंडल,श्रीति राय,कल्पना मंडल, जमुना मंडल, राजु गाईन, परीक्षित राय,श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति हरिदासपुर के द्वारा काली पूजा के अवसर पर एक जात्रा गान का आयोजन किया गया शक्ति फार्म की जात्रा पार्टी रूपबन कन्या का आयोजन किया गरा। वाही हरिदासपुर कमेटी अध्यक्ष रमेश हाल्दार, नरेश तपाली, मनोज मिस्त्री अनूप सिकदार तरुण हालदार, अंकुश विश्वकर्मा, दिवस हालदार डॉ सुधीर अधिकारी नित्यानंद मंडल विजय सिकदार राकेश विश्वास सुरेश माझी, रंजन मिस्त्री, राजीव माझी, ईश्वर देव गुप्ता, सीमा हाल्दार, रेखा मिस्त्री, रिंकी जयदार सोनिया हाल्दार, सुभाषिनी घरामी, साधना पाईक सरस्वती रूमा हाल्दार आदि मौजूद रहे।

# तल्लीताल में पर्यटक और रेस्टोरेंट के कर्मियों के बीच हुई मारपीट

नैनीताल। तल्लीताल रेस्टोरेंट में खाना खाने के दौरान पर्यटकों व रेस्टोरेंट कर्मियों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों के लोग मामूली रूप से चोटिल हुए। पुलिस ने मारपीट में शामिल लोगों को हिरासत में लेकर चार के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह तल्लीताल बाजार में एक रेस्टोरेंट में खाना खाने के दौरान विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो पर्यटकों व रेस्टोरेंट संचालकों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान पर्यटक व रेस्टोरेंट कर्मी लड़ते हुए सड़क तक आ पहुंचे। इस दौरान लात-घूंसे चले तो भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत किया और मारपीट करने वालों को हिरासत में ले लिया। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि मामले में रेस्टोरेंट संचालक हेमंत कुमार व कर्मी अल्मोड़ा निवासी गौरव बिष्ट, मनोरा निवासी कौशल समेत पर्यटक मोहित निवासी पानीपत हरियाणा के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

# झोपड़ी में आग लगने से जला सामान

बाजपुर। क्षेत्र के हजीरा भस्सूवाला गांव में एक झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग में घर में रखी नकदी सहित सभी घरेलू सामान जल कर राख हो गया। ग्रामीणों ने आग पर बमुश्किल काबू पाया। मंगलवार की शाम हजीरा भस्सूवाला निवासी राजेंद्र सिंह की झोपड़ी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग में झोपड़ी के अंदर रखा फ्रिज, एलईडी सहित सभी घरेलू सामान और कुछ नकदी जल गई। गनीमत रही कि घटना के वक्त घर के अंदर कोई नहीं था। आग लगने का कारण का पता नहीं चल सका। सूचना पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पवन शर्मा, अभिषेक तिवारी ने मौके पर पहुंचकर अग्नि पीड़ित परिवार का हाल जाना। उन्होंने एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।


**आवश्यक सूचना/ PUBLIC NOTICE**

07 वी वाहिनी भा०ति०सी०पु०बल, मिथी, पिथौरागढ, उत्तराखंड में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र के संचालन हेतु योग्य विक्रेता/सेवा प्रदाता (Vendor) से आवेदन आमंत्रित।

**पात्रता :-** पंजीकृत फार्मासिस्ट / मेडिकल प्रैक्टिशनर इत्यादि।

**आवश्यक दस्तावेज :-** आधार कार्ड, पैन कार्ड, फार्मासिस्ट पंजीकरण प्रमाण पत्र और अन्य संबंधित दस्तावेज।

**सुविधाएं ( 07वी वाहिनी मिर्थी द्वारा ):-** निधारित कक्ष, बिजली एवं पानी की व्यवस्था उपलब्ध कराई जायेगी, जिसका शुल्क अनुबंध के समय तय किया जाएगा।

**इच्छुक उम्मीदवार संपर्क करें :-** सेनानी, 07वी वाहिनी, भा०ति०सी०पु०बल मिर्थी, जिला - पिथौरागढ, उत्तराखण्ड, 262550,
फोन 05964-232045. 05964-232143

**मेडिकल ऑफिसर**
7वी वा० भा०ति०सी०पू०

CBC 19112/11/0130/2526





देवभूमि उत्तराखंड में चारधामो में प्रमुख तीर्थ श्री केदारनाथ धाम के कपाट आज शीतकाल के लिए बंद हो गये हैं। भाईदूज के पावन पर्व पर आज 8:30 बजे केदारनाथ मंदिर के कपाट विधि-विधान से बंद कर दिए गए हैं। केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेद भी मौजूद रहे। सेना की बैंड धुन और जय बाबा केदार के जयघोष के साथ केदार बाबा की चल विग्रह पंचमुखी डोली ने मंदिर के सभामंडप से अपने शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए प्रस्थान किया। अब छह माह यहीं बाबा के दर्शन होंगे। बाबा केदार की डोली के साथ हजारों भक्तों का रेला उमड़ पड़ा।









जय बाबा केदार के जयघोषों के बीच केदारनाथ धाम से बाबा की चल विग्रह पंचमुखी डोली ने मंदिर के सभामंडप से अपने शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए प्रस्थान किया।

# ऋषिकेश में बिकिनी पहनकर विदेशी महिला ने गंगा नदी में लगाई डुबकी!

## वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। ऋषिकेश से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जहां पर लक्ष्मण झूला के पास गंगा नदी के तट पर एक विदेशी महिला पर्यटक बिकिनी पहनकर स्नान करती दिखाई दे रही है। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर बहस छीड़ गई। महिला को कम कपड़ों में ओम नमः शिवाय बोलते हुए देखा जा सकता है। यह वीडियो लक्ष्मण झूला पुल के पास का है। पुलिस को अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है, लेकिन वे मामले की जांच कर रहे हैं। दरअसल वायरल वीडियो में महिला फूलों की माला पहने दिखाई दे रही है। पहले वो हाथ जोड़कर 'नमस्कार' करती है। जिसके बाद वो बाद गंगा में माला अर्पित कर डुबकी लगाती है। इस दौरान विदेशी महिला बिकिनी पहनकर



गंगा में डुबकी लगाती नजर आई। जिसके चलते लोगों ने उसे ट्रोल करना शुरू कर दिया। ऋषिकेश में एक विदेशी महिला का गंगा में डुबकी लगाते हुए वीडियो वायरल हो गया है। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को लेकर बहस छिड़ी हुई है। कुछ लोगों ने जहां इसे श्रद्धा और भक्ति की भावना से जोड़ा, तो वहीं कई लोगों ने इसे धार्मिक मर्यादा का उल्लंघन बताया। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को लेकर तीखी बहस छीड़ गई। कुछ का कहना है कि महिला का इरादा गंगा की पवित्रता का अपमान करने का नहीं था। तो वहीं दूसरी ओर कई यूजर्स का कहना है कि भारत में आकर इस तरह का स्नान धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाता है। साथ ही परंपराओं की अनदेखी करता है। इस बीच, कुछ लोगों ने इस पूरे विवाद को हल्के अंदाज में भी लिया। एक यूजर ने लिखा "लक्स कोजी पहनकर नहाने वाले अंकल को अब समस्या हो रही है।

# अब शादी में सिर्फ तीन गहने पहनेंगी महिलाएं, दिखावे पर लगेगी रोक

## जौनसार- बावर क्षेत्र के कंदाड़ गांव के लोगों ने उठाया बड़ा कदम

देहरादून। उत्तराखंड के जौनसार-बावर क्षेत्र के कंदाड़ गांव ने शादी-ब्याह के दिखावे पर रोक लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब गांव की महिलाएं शादी में सिर्फ तीन गहने पहनेंगी। नियम तोड़ने पर 50 हजार का जुर्माना तय किया गया है। दिखावे और प्रतिस्पर्धा के इस दौर में जहां अमीरों की शादियों की चकाचौंध गरीबों के लिए बोझ बनती जा रही है, वहीं उत्तराखंड के जनजातीय क्षेत्र जौनसार-बावर से एक मिसाल पेश करने वाली खबर आई है। चकराता तहसील के कंदाड़ गांव में ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया है कि अब शादी या पारिवारिक समारोहों में विवाहित महिलाएं सिर्फ तीन सोने के आभूषण ही पहनेंगी जिसमें नाक की फूली, कान के बुंदे और गले का मंगलसूत्र शामिल रहेगा। यह कदम समाज में समानता और सादगी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से



उठाया गया है ताकि गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ न बढ़े और वे अपनी क्षमता के अनुसार सादगी से विवाह संपन्न कर सकें। गांव की सामूहिक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शादियों में बढ़ते दिखावे और अमीरों जैसी रस्मों की होड़ अब गरीब परिवारों के लिए बोझ बन गई है। ग्रामीणों ने कहा कि समाज में समानता तभी संभव है जब दिखावे की दीवारें टूटें और हर वर्ग एक समान नजर आए। अब गांव की विवाहित महिलाएं (राइणियां) शादी या किसी भी सामाजिक आयोजन में सिर्फ तीन पारंपरिक गहनों में ही हिस्सा लेंगी। इस सामूहिक निर्णय से गरीब परिवारों को राहत मिलने की उम्मीद है। अब वे बिना सामाजिक दबाव के अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार सादगीपूर्ण ढंग से शादी-समारोह कर सकेंगे। गांव की बैठक में यह भी तय हुआ कि जो महिला इस नियम का उल्लंघन करेगी, उस पर 50 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा।

# सांसद भट्ट ने किया कई विकास कार्यों का लोकार्पण

गूलरभोज(उद संवाददाता)। सांसद अजय भट्ट ने बुधवार को गूलरभोज नगर पंचायत की ओर से निर्मित अटल बिहारी वाजपेयी चौक, सुभाष चंद्र बोस चौक, और राजा सुहेलदेव स्मृति द्वार का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने राज्य वित्त एवं अवस्थापना निधि से निर्मित 26 टाइल्स रोडों का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने सांसद भट्ट का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। लोकार्पण के बाद रामलीला मैदान में आयोजित भव्य जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के नंबर वन नेता हैं, जिन्होंने देश के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी है। उन्होंने जनता से स्वदेशी अपनाने की अपील की ताकि भारत की अर्थव्यवस्था और मजबूत हो सके। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ ने सांसद से 685 एकड़ भूमि पर काबिज लोगों को मालिकाना हक दिलाने तथा क्षेत्रीय युवाओं के लिए एक स्टेडियम की मांग रखी। जिस पर सांसद ने तहसीलदार लीना चंद्रा को स्टेडियम के लिए उचित स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। सभा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने सांसद अजय भट्ट का गर्मजोशी से स्वागत किया कार्यक्रम का संचालन विजय शर्मा ने किया। सभा को भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी, और पूर्वांचल समाज के प्रदेश अध्यक्ष लल्लन राजभर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सुखदेव सिंह नामधारी, ज्योति ग्रोवर, ब्लॉक प्रमुख गदरपुर दिलीप अधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष बंगाली कल्याण समिति मनोज गुंबर (मिंटू भैया), अध्यक्ष नगर पालिका गदरपुर मनजीत कौर, अध्यक्ष नगर पंचायत दिनेशपुर तिलक राज गंभीर, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहन सिंह पानू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाबू सिंह तोमर, उत्तराखंड अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य प्रीत ग्रोवर, और राजकुमार भारती उपस्थित रहे। वहीं विधायक अरविंद पांडे के आवास के समीप ही भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई चौक के अनावरण के लिए सांसद भट्ट सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधायक अरविंद पांडे की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही।







# काशीपुर बाईपास रोड का जल्द होगा चौड़ीकरण

## चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों को होगा न्यूनतम नुकसान: शिव अरोरा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शहर के सबसे व्यस्ततम मार्गों में से एक काशीपुर बाईपास रोड के चौड़ीकरण को लेकर लंबे समय से चल रही अटकलों के बीच अब प्रक्रिया तेज हो गई है। दीपावली से पहले नगर निगम द्वारा इस मार्ग पर निशान लगाने की कार्यवाही शुरू की गई थी, लेकिन त्योहार को देखते हुए किसी भी तरह की तोड़फोड़ या निर्माण गतिविधि को रोका गया ताकि व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित न हो। दिवाली के बाद काशीपुर बाईपास रोड स्थित व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल विधायक शिव अरोरा के आवास पहुंचा और उनसे मुलाकात की। व्यापारियों ने मांग रखी कि सड़क निर्माण का कार्य इस प्रकार किया जाए जिससे उनका न्यूनतम नुकसान हो। विधायक शिव अरोरा ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य जनता और व्यापारियों दोनों के हित में किया जाएगा। अपने आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि काशीपुर बाईपास रुद्रपुर का सबसे व्यस्त मार्ग है, जहाँ लोगों को घंटों ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ता है। उनका स्पष्ट मत है कि इस मार्ग का चौड़ीकरण आवश्यक है ताकि आम जनता को राहत मिल सके और व्यापारियों को भी न्यूनतम हानि पहुँचे। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई लगभग 15 से 20 फीट है, जिसके कारण जाम की समस्या गंभीर बनी रहती है। इसके लिए प्रस्ताव रखा गया है कि काशीपुर बाईपास रोड को दोनों ओर से 60-60 फीट तक चौड़ा किया जाए, जिससे कुल 120 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण संभव हो सके। यह योजना इस प्रकार तैयार की जा रही है कि व्यापारियों के नुकसान को यथासंभव कम किया जा सके। विधायक अरोरा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विकासोन्मुखी सोच के अनुरूप इस परियोजना के लिए धनराशि भी जारी कर दी गई है और कार्य अगले कुछ दिनों में प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी महीनों में रुद्रपुर की जनता को काशीपुर बाईपास रोड की बदली हुई तस्वीर देखने को मिलेगी। सड़क के चौड़ीकरण से जहाँ व्यापारियों के कारोबार में वृद्धि होगी, वहीं आम नागरिकों को लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से भी राहत मिलेगी। विधायक अरोरा ने यह भी कहा कि उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पूरा सम्मान किया जाएगा और निर्माण कार्य उन्हीं के अनुरूप किया जाएगा। वहीं, नगर पालिका द्वारा पूर्व में आवंटित दुकानों में अपनी आजीविका चला रहे व्यापारियों के पुनर्वास के विषय में मेयर विकास शर्मा, जिला प्रशासन और नगर आयुक्त के बीच सहमति बन चुकी है, ताकि कोई भी व्यापारी विस्थापन से प्रभावित न हो।



## पालिकाध्यक्ष मनोज गुंबर के प्रयास लाये रंग

# क्षतिग्रस्त पानी की टंकी को किया ध्वस्त,बनेगा सुंदर पार्क

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर (मिंटू) के प्रयासों से वार्ड नंबर 6, आवास विकास कॉलोनी में वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ी पानी की टंकी को आखिरकार हटा दिया गया। यह कार्य सभी संबंधित विभागों से आवश्यक अनुमतियाँ प्राप्त करने के बाद संपन्न किया गया। पालिका अध्यक्ष मनोज गुम्बर ने बताया कि लंबे समय से यह पानी की टंकी क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी थी, जिससे



क्षेत्रवासियों को असुविधा हो रही थी। उन्होंने स्वयं इस मामले में पहल करते हुए हर विभाग से अनुमति ली और अंततः टंकी को तोड़ने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कराया। मनोज गुम्बर ने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इस स्थान पर एक सुंदर पार्क का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ और हरित वातावरण प्राप्त होगा।

# व्रतधारी महिलाओं के लिये सजने लगी छठ वेदी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय में अनेक स्थानों पर छठ पूजा की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं । सभी छठ पूजा स्थालों में पूजा वेदी को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। वही आयोजन स्थलों को भी आकर्षक रोशनी एवं फूल मालाओं द्वारा भी सुन्दर रूप में सजाया जा रहा है। जो देखते ही बनता है। पूर्वांचल समाज का प्रमुख पर्व छठ पूजा 25 अक्टूबर को नहाय खाय के साथ प्रारम्भ होगा। पूरे दिन महिलायें व्रत रखेंगी। शाम को मीठी खीर खाकर व्रत तोड़ेंगी। 26 अक्टूबर



को खरना का आयोजन किया जायेगा। जिसमें व्रती महिलायें मिट्टी के चूल्हे बनायेंगी। आगामी 27 अक्टूबर को सायं अस्त होते सूर्य को पानी में खड़े होकर व्रतधारी महिलायें अर्घ्य देंगी तथा छठ वेदी की विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगी। नहाय खाये के साथ महिलाओं ने खरना सांठी के चावल की खीर खाकर अपना व्रत का प्रारम्भ करेंगौ। 28 अक्टूबर को उदय होते सूर्य को अर्ध्य दिया जायेगा। रविन्द्र नगर, अटरिया रोड़, तीन पानी डाम ,फुलसुंगा फुलसुंगी, शुक्ला फार्म तीन पानी, बगवाड़ा, आदि छठ पूजा स्थलों में भी छठ पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा । छठ पूजा को लेकर पूर्वांचल समाज के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।उनके द्वारा पूजा सामग्री की बाजार में खरीददारी की जा रही हैं।

# ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन ने जरूरतमंदों संग मनाई दिवाली

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ड्रीमर्स केयर फाउंडेशन की टीम ने दिवाली का उत्सव कुछ अलग अंदाज में मनाया। उन्होंने अपनी खुशियाँ उन लोगों के साथ साझा कीं, जिनके जीवन में शायद ही कभी उजाला पहुँचता है। फाउंडेशन की ऑनर ममता पांडे और दीपक पांडे ने बताया कि बड़े और संपन्न लोगों के साथ तो हर कोई दिवाली मना लेता है, लेकिन जब किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान आती है, तो वही असली दिवाली का सुकून होता है। दिवाली तभी सार्थक होती है जब उसका उजाला किसी और के जीवन में भी फैले। इस विशेष अवसर पर फाउंडेशन की टीम रात के समय रुद्रपुर की गलियों और झुग्गी बस्तियों में पहुँची, जहाँ उन्होंने जरूरतमंद परिवारों को मिठाई, पुराने कपड़े और राशन सामग्री वितरित की।



बच्चों ने पहली बार दिवाली की मिठाई का स्वाद चखा और बुजुर्गों ने टीम को दिल से दुआएँ दीं। फाउंडेशन की टीम में हरीश पांडे, सोनाली पांडे, प्रज्वल पांडे, यश पांडे और परिधि पांडे शामिल रहे, जिन्होंने मिलकर इस पहल को सफल बनाया। टीम की सदस्य और उत्तराखंड की एक्ट्रेस सोनाली पांडे ने कहा कि जब बच्चों की आँखों में चमक देखी, तो लगा कि हमारी छोटी-सी कोशिश ने किसी के दिल में उजाला कर दिया, यही असली दिवाली है। डायरेक्टर हरीश पांडे ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल सामग्री बाँटना नहीं था, बल्कि समाज में यह संदेश फैलाना था कि खुशियाँ बाँटने से बढ़ती हैं। दिवाली सिर्फ दीयों और पटाखों का त्योहार नहीं, बल्कि मानवता, प्रेम और एकता का पर्व है। प्रज्वल पांडे ने कहा कि हम चाहते हैं समाज का हर व्यक्ति यह समझे कि दिवाली सिर्फ अपने घर की नहीं, बल्कि दूसरों के दिलों में भी रोशनी भरने का पर्व है। जब हम किसी के जीवन में खुशियाँ बाँटते हैं, तो भगवान हमारे जीवन को और उज्जवल बना देते हैं। परिधि पांडे ने कहा कि दिवाली की असली चमक पटाखों में नहीं, बल्कि किसी की मुस्कान में होती है। जब हम दूसरों के जीवन में रोशनी भरते हैं, तभी इंसानियत की दिवाली होती है।




# श्यामा काली पूजा का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन

किच्छा (उद संवाददाता)। ग्राम सभा कानपुर के गोपाल नगर में श्री श्री सार्वजनिक मां श्यामा काली पूजा मंदिर के कार्यकर्ताओं द्वारा तीन दिनों तक चलाए गए शांति पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का बुधवार की रात्रि भव्य समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिन में भंडारे का आयोजन भी किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि, डॉ. गणेश उपाध्याय, प्रवक्ता उत्तराखंड कांग्रेस ने सफल आयोजन के लिए कमेटी के सभी सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल स्थानीय होनहार बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि वे उत्तराखंड और देश का नाम भी गौरवान्वित करेंगे। उधम सिंह नगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय तिवारी ने बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नए प्रतिभाशाली बच्चों की खोज और उनके विकास में ऐसे आयोजन अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समन्वय को एक बड़ी उपलब्धि बताया। कार्यक्रम में सीनियर सिंगिंग प्रतियोगिता में पीलीभीत के रोहित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कनकपुर गोपाल नगर के साधन मंडल द्वितीय और दिनेशपुर के राज तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर डांस प्रतियोगिता में कनकपुर के राज प्रथम, इंदरपुर के लवली द्वितीय और गोपाल नगर की राधिका व सुमन तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर डांस प्रतियोगिता में रुद्रपुर के अभय कुमार प्रथम, कालाढूंगी के शांतनु द्वितीय और रुद्रपुर के पायतोप तृतीय स्थान प्राप्त किए। इन प्रतिभागियों को नगद राशि, पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कमेटी के अध्यक्ष कमल बैरागी, उपाध्यक्ष बंकिम मृधा, कोषाध्यक्ष पंकज मंडल, उपकोषाध्यक्ष श्री गोपाल हालदार, सचिव विक्की विश्वास एवं उपसचिव गौतम विश्वास ने आयोजन की सफलता पर संतोष व्यक्त किया।इस अवसर पर सुधीर शाही, मनोरंजन वैद्य, डॉ कार्तिक गायन, कनकपुर के ग्राम प्रधान गुरमेज सिंह, पूर्व प्रधान इंदरपुर चंद्र प्रताप, नरेंद्र ठुकराल, हितेंद्र त्रिपाठी, महिपाल सिंह बोरा (महामंत्री किसान कांग्रेस उत्तराखंड) सहित सैकड़ों लोग रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए उपस्थित थे।






## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# शौचालयों की गंदगी

यह विचित्र विडंबना है कि एक ओर सरकार पिछले कई वर्षों से स्वच्छता अभियान और हर जरूरी जगहों पर शौचालय की उपलब्धता के लिए विशेष कार्यक्रम चला रही है, इसमें बड़ी कामयाबी मिलने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन हकीकत इससे अलग है। हाल ही में देश भर की अदालतों में शौचालयों की दशा पर उच्चतम न्यायालय में वस्तुस्थिति रपट दाखिल की गई।रपट के मुताबिक, इन अदालत परिसरों में शौचालयों की लगातार अस्वच्छ स्थिति वहां के सभी उपयोगकर्ताओं के मौलिक और सम्मान के अधिकारों का उल्लंघन है। रपट में कहा गया है कि यह सीधे तौर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता सुनिश्चित करने में नाकामी है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब अदालत परिसरों की यह स्थिति है, तो बाकी जगहों पर क्या दशा होगी। निश्चित रूप से अदालत परिसरों की यह तस्वीर अफसोसनाक है, लेकिन यह केवल यहीं तक सीमित नहीं है। यह भी देखने की जरूरत है कि क्या हर जरूरी जगह पर ऐसे स्वच्छ सार्वजनिक शौचालय मौजूद हैं, जिसका उपयोग करने में किसी को हिचक न हो।सच यह है कि स्वच्छता अभियान के एक दशक बाद भी कई जगहों पर सार्वजनिक शौचालयों की कमी दिखती है। जिन जगहों पर शौचालय बनाए भी गए हैं, तो कई बार वहां की गंदगी देख कर लोग उनका इस्तेमाल नहीं करते। लंबी दूरी वाले मार्गों पर बहुत कम जगहों पर यह सुविधा है। हालत यह है कि जिन पेट्रोल पंपों पर शौचालय की सुविधा है, वहां केवल तेल लेने आए वाहनों में बैठे लोगों को ही उसके उपयोग की इजाजत दी जाती है। आम लोगों को कई बार मना कर दिया जाता है। यह निराशाजनक है कि खुले में शौच मुक्त वातावरण देने का वादा करने और इसके लिए अभियान चलाने वाली सरकार ने शौचालय बनाने के दावे तो किए, लेकिन उनकी साफ–सफाई के मानक नहीं तय किए। नतीजा यह कि इसकी समावेशी उपयोगिता का उद्देश्य ही हाशिये पर चला गया। दो साल पहले हुए एक सर्वेक्षण में कई लोगों ने माना था कि इन शौचालयों की दशा में कोई सुधार नहीं दिखता। सवाल है कि क्या केवल स्वच्छता का नारा देने भर से इसके उद्देश्य को हासिल किया जा सकेगा

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
05944-246817

# आधी रात को ट्रांसफार्मर गायब, मचा हड़कंप

शक्तिफार्म (उद संवाददाता) ।रात का सन्नाटा,चारों ओर खामोशी और इसी बीच नगर के बैकुंठपुर नंबर एक गन्ना सेंटर के पास से बिजली विभाग का 16 केवीए ट्रांसफार्मर रहस्यमय तरीके से गायब हो गया। सुबह जब ग्रामीणों ने बिजली गुल पाई, तो शुरुआत में इसे तकनीकी खराबी समझा, लेकिन जब लोग मौके पर पहुंचे तो देखा जहाँ ट्रांसफार्मर था, वहाँ सिर्फ टूटी तारें और खाली पोल खड़े थे। इस अप्रत्याशित घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। ग्रामीणों ने तुरंत सूचना बिजली विभाग को दी। जांच के लिए पहुँचे जेल कैंप के अवर अभियंता अमित कुमार ने स्थिति का जायजा लिया और चोरी की पुष्टि करते हुए शक्तिफार्म चौकी में तहरीर सौंप दी। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर की चोरी से विभाग को आर्थिक नुकसान हुआ है, और गांव की बिजली व्यवस्था ठप पड़ी है। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता रमेश राय ने स्थानीय लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली और तुरंत इसकी सूचना कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा तथा शक्तिफार्म पुलिस चौकी को दी। रमेश राय ने कहा कि ऐसी घटनाएँ यह दर्शाती हैं कि रात के समय नगर की सुरक्षा व्यवस्था कितनी कमजोर है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि किसी ने अनुमान नहीं लगाया था कि इतनी बड़ी चोरी हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि अंधेरा छाते ही यह क्षेत्र सुनसान हो जाता है, जिससे असामाजिक तत्वों को मौका मिल जाता है। शक्तिफार्म पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फिलहाल, ट्रांसफार्मर चोरी से बैकुंठपुर का इलाका पूरी तरह अंधेरे में डूबा हुआ है।



# पथराव और फायरिंग के मामले में दो युवक तमंचे के साथ दबोचे

रुद्रपुर। रम्पुरा में हुई पत्थरबाजी और फायरिंग के अलग अलग मामलों में पुलिस ने दो युवकों को अलग अलग स्थानों से तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि वह अपने साथी कांस्टेबल पुरन राम और गणेश धानिक के साथ संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग, शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराध रोकथाम के उद्देश्य से क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान जब टीम इंदिरा चौक के पास पहुँची तो मुखबिर खास ने सूचना दी कि कुछ दिन पहले रम्पुरा क्षेत्र में पत्थरबाजी और तमंचे की वीडियो वायरल हुई थी, जिसमें शामिल युवक ओमू गुप्ता फिलहाल गिल रिजॉर्ट के पीछे रम्पुरा में किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को भागने का मौका दिए बिना दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अनिकेत गुप्ता उर्फ ओमू, पुत्र महेश गुप्ता, निवासी वार्ड नंबर 22, कटोरी मंदिर के पास, रम्पुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने एक अन्य युवक तरुण कोली का नाम भी बताया, जिसके पास भी अवैध हथियार होने की बात कही।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। वहीं दूसरे युवक को ब्लॉक रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार, चौकी प्रभारी रम्पुरा टीम के साथ चेकिंग पर थे। इसी दौरान मुखबिर खास ने सूचना दी कि कुछ दिन पूर्व रम्पुरा में वायरल हुई फायरिंग वीडियो में दिख रहा युवक अनिल कोली पुत्र स्व. जमुना प्रसाद, जो चौरासी घंटा मंदिर के पास वार्ड नं. 24 रम्पुरा का निवासी है, इस समय ब्लॉक रोड की ओर टंचिंग ग्राउंड के पास मौजूद है और उसके पास तमंचा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अनिल कोली बताया। तलाशी लेने पर नाजायज तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि यही तमंचा उसने कुछ दिन पहले रम्पुरा में झगड़े के दौरान फायरिंग के लिए इस्तेमाल किया था, और उसी वीडियो के वायरल होने के बाद वह छिप गया था। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर हिरासत में लिया ।

# दिवाली बाद गहराया देशव्यापी प्रदूषण

देशव्यापी प्रदूषण गहराने की रिपोर्ट भले ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने दी है, लेकिन यह आशंका पूर्व से ही थी कि दिल्ली एनसीआर समेत पूरे देश में वायु प्रदूषण में वृद्धि दर्ज की जाएगी ? सांस, दमा और अस्थमा के रोगियों को परेशानी होगी। क्योंकि वायु गुणवत्ता बद से बदतर होने की श्रेणी में पहुंच जाएगी। यह स्थिति तब है, जब दिल्ली में प्रदूषण की समस्या से चिंतित शासन–प्रशासन तो रहता ही है, सर्वोच्च न्यायालय की चिंता भी पटाखों पर प्रतिबंध को लेकर देखी जाती रही है। इसलिए न्यायालय ने हरित पटाखों को चलाने की अनुमति दी थी, लेकिन निगरानी की ऐसी कोई विधि सरकार के पास नहीं है कि हरित पटाखों की ओट में सामान्य पटाखे चलाए ही न जाएं ? ग्रीन पटाखों को लेकर यह धारणा है कि तुलनात्मक रूप में वे सामान्य पटाखों से प्रदूषण मुक्त हैं, लेकिन इनकी पहचान आसान नहीं है। दरअसल पटाखे इतनी बड़ी मात्रा में पूरे देश में बनते हैं कि इनकी गुणवत्ता एवं मानक की परख करना असंभव है। इस दायित्व के निर्वहन की जवाबदेही 'राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान' (नीरी) को है अवश्य, किंतु मानक निर्धारण की नैतिक जुम्मेबारी पटाखे निर्माताओं और फिर उन पर निगरानी सरकारी तंत्र की है, जो अकसर दायित्व निभाने में लापरवाह रहता है। इसीलिए वायु गुणवत्ता प्रदूषण का सूचकांक दिल्ली में कई स्थानों पर एक्यूआई 351 के पार दर्ज किया गया। हरियाणा के जींद में यह प्रदूषण सबसे अधिक 421 पर दर्ज हुआ है। यही हकीकत हर साल बनी रहती है। रिपोर्ट के अनुसार राजधानी दिल्ली में सबसे अधिक प्रदूषित हवा बह रही है। दस शहरों में दिल्ली 10वें नंबर पर है। शेष 9 शहरों में 8 हरियाणा और एक राजस्थान का है। यानी दिल्ली के पड़ोसी राज्य हरियाणा की हवा अब देश के राज्यों में सबसे ज्यादा प्रदूषित हो चुकी है। सीपीसीबी देश के 271 नगरों की हवा की गुणवत्ता की निगरानी रखता है। इनमें से 20 नगरों की वायु इस बार दिवाली के बाद अच्छी रही है, जबकि 54 नगरों में संतोषजनक और 103 नगरों में मध्यम स्तर की रही है। दीपावली के बाद दिल्ली में पीएम 2.5 का चौबीस घंटे में औसत 488 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज हुआ, जो पिछले पांच साल में सबसे अधिक है। यह स्थिति तब है, जब हरियाणा एवं पंजाब में 2024 के अनुपात में पराली जलाने की घटनाएं 77.5 प्रतिशत घटी हैं। यहां यह जानने की जरूरत है कि पीएम 2.5 की मात्रा एक्यूआई का ही एक भाग है। एक्यूआई वायु में मौजूद 2.5 पीएम–10 ओजोन व अन्य प्रदूषणकारी गैसों की मात्रा को गणना करके तय किया जाता है।दिल्ली में वैसे भी ठंड की शुरूआत होने के साथ ही हवा गहराने लगती है, और प्रदूषण का संकट बढ़ने लगता है। यह स्थिति लगभग प्रतिवर्ष निर्मित होती है, लेकिन विडंबना है कि इन तथ्यों को जानते–बूझते सरकार नजरअंदाज कर देती है। इसलिए प्रदूषण सुधार के जो चंद उपाय किए जाते हैं, वे बेअसर साबित होते हैं। अतएव प्रदूषण उत्सर्जन के कारण यथावत बने रहते हैं। हम जानते है कि बच्चे और किशोर आतिशबाजी के प्रति अधिक उत्साही होते हैं और उसे चलाकर आनंदित भी होते हैं। जबकि यही बच्चे वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से अपना स्वास्थ्य भी खराब कर लेते हैं। खतरनाक पटाखों की चपेट में आकर अनेक बच्चे आंखों



की रोशनी और हाथों की अंगुलियां तक खो देते हैं। बावजूद समाज के एक बड़े हिस्से को पटाखा मुक्त दिवाली रास नहीं आती है। इसीलिए अदालती आदेश के बाद यह बहस चल पडतघी है कि दिल्ली– एनसीआर में खतरनाक स्तर 2.5 पीएम पर प्रदूषण पहुंचने का आधार क्या केवल पटाखे हैं ? सच तो यह है कि इस मौसम में हवा को प्रदूषित करने वाले कारणों में बारुद से निकलने वाला धुआं एक कारण जरूर है, लेकिन दूसरे कारणों में दिल्ली की सड़कों पर वे कारें भी हैं, जिनकी बिक्री निरंतर उछाल पर है। नए भवनों की बढ़ती संख्या भी दिल्ली में प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं। पंजाब और हरियाणा में पराली जलाया जाना भी दिल्ली की हवा को खराब करने का एक कारण है। इस कारण दिल्ली के वायुमंडल में पीएम 2.5 का स्तर बढ़ जाता है। जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर वायु का स्तर 10 पीएम से कम होना चाहिए। पीएम वायु में घुले–मिले ऐसे सूक्ष्म कण है, जो सांस के जरिए फेफड़ों में पहुंचकर अनेक बिमारियों का कारण बनते हैं। वायु के ताप और आपेक्षिक आद्रता का संतुलन गड़बड़ा जाने से हवा प्रदूषण के दायरे में आने लगती है। यदि वायु में 18 डिग्री सेल्सियस ताप और 50 प्रतिशत आपेक्षिक आर्द्रता हो तो वायु का अनुभव सुखद लगता है। लेकिन इन दोनों में से किसी एक में वृद्धि, वायु को खतरनाक रूप में बदलने लगती है। 'राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मूल्यांकन कार्यक्रम' (एनएसीएमपी) के मातहत 'केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल' वायु में विद्यमान ताप और आद्रता के घटकों को नापकर यह जानकारी देता है कि देश के किस नगर में वायु की शुद्धता अथवा प्रदूषण की क्या स्थिति है। मापने की इस विधि को 'पार्टिकुलेट मैटर' मसलन 'कणीय पदार्थ' कहते हैं। प्रदूषित वायु में विलीन हो जाने वाले ये पदार्थ हैं, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और सल्फर डाईऑक्साइड। सीपीसीबी द्वारा तय मापदंडों के मुताबिक उस वायु को अधिकतम शुद्ध माना जाता है, जिसमें प्रदूषकों का स्तर मानक मान के स्तर से 50 प्रतिशत से कम हो। इस लिहाज से दिल्ली समेत भारत के जो अन्य नगर प्रदूषण की चपेट में हैं, उनके वायुमंडल में सल्फर डाईऑक्साइड का प्रदूषण कम हुआ है, जबकि नाइट्रोजन डाईऑक्साइड का स्तर कुछ बड़ा है। सीपीसीबी ने उन नगरों को अधिक प्रदूषित माना है, जिनमें वायु प्रदूषण का स्तर निर्धारित मानक से डेढ़ गुना अधिक है। यदि प्रदूषण का स्तर मानक के तय मानदंड से डेढ़ गुना के बीच हो तो उसे उच्च प्रदूषण कहा जाता है। और यदि प्रदूषण मानक स्तर के 50 प्रतिशत से कम हो तो उसे निम्न स्तर का प्रदूषण कहा जाता है। वायुमंडल को प्रदूशित करने वाले कणीय पदार्थ, कई पदार्थों के मिश्रण होते हैं। इनमें धातु, खनिज, धुएं, राख और धूल के कण मिले होते हैं। इन कणों का आकार भिन्न–भिन्न होता है। इसीलिए इन्हें वर्गीकृत करके अलग–अलग श्रेणियों में बांटा गया है। पहली श्रेणी के कणीय पदार्थों को पीएम–10 कहते हैं। इन कणों का आकार 10 माइक्रोन से कम होता है। दूसरी श्रेणी में 2.5 श्रेणी के कणीय पदार्थ आते हैं। इनका आकार 2.5 माइक्रोन से कम होता है। ये कण शुष्क व द्रव्य दोनों रूपों में होते हैं। वायुमंडल में तैर रहे दोनों ही आकारों के कण मुंह और नाक के जरिए श्वांस नली में आसानी से प्रविष्ट हो जाते हैं। ये फेफड़ों तथा हृदय को प्रभावित करके कई तरह के रोगों के जनक बन जाते हैं। आजकल नाइट्रोजन डाईऑक्साइड देश के नगरों में वायु प्रदूषण का बड़ा कारक बन रही है। औद्योगिक विकास, बढ़ता शहरीकरण और उपभोगक्तावादी संस्कृति, आधुनिक विकास के ऐसे नमूने हैं, जो हवा, पानी और मिट्टी को एक साथ प्रदूषित करते हुए समूचे जीव–जगत को संकटग्रस्त बना रहे हैं। लेकिन दिवाली पर रोशनी के साथ आतिशबाजी छोड़कर जो खुशियां मनाई जाती है, उनका व्यावहारिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक पक्ष भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अकेली दिल्ली में पटाखों का कई हजार करोड़ का कारोबार होता है, जो कि देश में होने वाले कुल पटाखों के व्यापार का 25 फीसदी हिस्सा है। इससे छोटे–बड़े हजारों थोक व खेरीज व्यापारी और पटाखा उत्पादक मजदूरों की सालभर की रोजी–रोटी चलती है। इस लिहाज से इस व्यापार पर प्रतिबंध के व्यावहारिक पक्ष पर भी गौर करने की जरूरत है ? यह अच्छी बात है कि शीर्ष न्यायालय सामान्य पटाखों पर रोक के साथ हरित पटाखे चलाने को प्रोत्साहित कर रही है। इससे स्वदेशी हरित पटाखा उद्योग विकसित होगा और भविष्य में दिल्ली को प्रदूषित महानगर होने की श्रेणी से भी मुक्ति मिल जाएगी।

**–प्रमोद भार्गव, लेखक, वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**




# धान तोल केंद्रों पर किसानों का खुले आम हो रहा है शोषण: बेहड़

## खसरा खतौनी की जांच के बाद होनी चाहिए तोल केंद्रों पर धान की तुलवाई

किच्छा(उद संवाददाता)। धान के सीजन के चलते किसानों एवं मिलर्स के बीच तथा तोल केंद्रों को लेकर के चल रही उठा पटक एवं धरने के बीच में क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने भी मोर्चा खोल दिया है। बेहड़ ने प्रेस वार्ता में कहा कि तराई का क्षेत्र मिनी हिंदुस्तान है, वर्तमान में किसान की धान तुलाई ना होने के कारण किसान परेशान है, अधिकारियों द्वारा तोल केंद्र की कोई मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है, जब तक धान तोल केंद्रों पर खरीद का लक्ष्य 10 हजार कुंतल नहीं किया जाएगा, तब तक समस्या का समाधान नहीं होगा। क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि धान खरीद की समस्याओं को लेकर उनके द्वारा शुक्रवार को किसानों को साथ लेकर डीएम कार्यालय रुद्रपुर में धरना दिया जाएगा। नगर स्थित कार्यालय पर मीडिया से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में यूसीएफ के 6 तोल केंद्र हैं, जहां अब तक मात्र करीब 3600 कुंतल धान की खरीद हुई है। कहा कि आरएफसी के तोल केंद्रों पर बिना लक्ष्य के खरीद हो रही है, लेकिन कोऑपरेटिव के तोल केंद्रों पर 400 कुंतल का लक्ष्य निर्धारित किया गया है तथा वर्तमान में खरीद बंद है एवं दबाव बनाने पर ऑफलाइन थोड़ी-थोड़ी खरीद हो रही है। उन्होंने कहा कि जब तक तोल केंद्रों का लक्ष्य 10 हजार कुंतल का नहीं होगा, तब तक पूरी तरह से समस्या का समाधान नहीं होगा, जबकि तोल केंद्र सचिव द्वारा जिलाधिकारी को पत्र लिखकर लक्ष्य बढ़ाने की मांग की जा रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि यूसीएफ में अधिकारियों से सेटिंग के चलते एक गिरोह द्वारा धान तोला जा रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सभी राइस मिलर्स को बराबर धान मिलना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है, कुछ मिलर्स के यहां हजारों कुंतल धान पहुंच चुका है, जबकि कुछ मिलर्स के यहां 100 कुंतल का आंकड़ा भी पार नहीं हो पाया है, जिसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब से धान खरीद चालू हुई है, तब से तीन चार किसान मंडी में डेरा डालकर बैठ गए हैं और बाहर से सस्ता धान खरीद कर खतौनी का जुगाड़ करके उनके द्वारा धान तुलाई कराई जा रही है तथा अधिकारियों को बताने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि किसान परेशान है और तोल केंद्रों पर खसरा खतौनी की जांच करके धान तुलाई होनी चाहिए तथा आईएफसी द्वारा हर तोल केंद्र की रिपोर्ट एसएमआई से ली जानी चाहिए। विधायक बेहड़ ने कहा कि अगर दो दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसानों को साथ लेकर उनके द्वारा शुक्रवार को डीएम कार्यालय के बाहर धरना दिया जाएगा और तोल केंद्रों पर हो रही लूट खसोट को बंद करने की मांग की जाएगी। प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू एवं कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश प्रताप सिंह मौजूद रहे।



### यूसीएफ में सेटिंग के जरिए गिरोह कर रहा धान तुलाई

किच्छा। विधायक बेहड़ ने आरोप लगाया कि सेटिंग गेटिंग के चलते कुछ लोग एवं राइस मिलर्स यूसीएफ में हर वर्ष गेहूं एवं धान तोल केंद्र के कांटे लेने में सफल हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसी गिरोह द्वारा किच्छा, रुद्रपुर एवं पंतनगर में अपना जाल बिछाया गया है और मिलर्स के यहां सीधा धान पहुंच रहा है तथा 6 आर बाद में काटी जा रही है।

# धान की तुलाई नहीं होने पर भड़के किसान

किच्छा(उद संवाददाता)। बीते बुधवार को अपराहन नगर स्थित अनाज मंडी में धान तुलाई न होने से किसानों का पारा सातवें आसमान पर चढ़ गया। आक्रोशित किसानों ने मंडी गेट पर दरी बिछाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। करीब 3 घंटे चले हंगामें के बाद मौके पर पहुंचे राइस मिलर्स द्वारा धान खरीदने की सहमति दिए जाने के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। बुधवार को दर्जनों किसानों ने नगर स्थित अनाज मंडी गेट पर दरी बिछाकर धरना देते हुए राइस मिलर्स एवं मंडी प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि राइस मिलर्स द्वारा सुबह से लेकर शाम तक किसानों की धान से भरी ट्राली को राइस मिल परिसर में खड़ी करने के बाद धान में कमियां निकालकर ट्रॉली को वापस भेजा जा रहा है, जिसके चलते किसानों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा किराए की ट्रॉली होने के चलते किसान का आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राइस मिल स्वामी द्वारा सोची समझी साजिश के तहत किसानों को परेशान किया जाता है, ताकि पूरा दिन परेशान किए जाने के चलते शाम के समय किसान अपने धान को सस्ते दामों पर बेचने को मजबूर हो जाए। किसानों ने आरोप लगाया कि राइस मिलर्स द्वारा 12 किलो प्रति कुंतल की कटौती काटकर किसानों का खुला शोषण किया जा रहा है तथा अन्य प्रकार की कटौतियों को किए जाने से किसान परेशान है, और अधिकारियों को सूचना दिए जाने के बाद भी अधिकारीगण कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। किसानों ने एक स्वर में कहा कि अनाज मंडी परिसर में राइस मिलर्स द्वारा धान की जांच करने तथा सभी शर्तों को तय करने के बाद ही किसान द्वारा अपना अनाज राइस मिल में ले जाया जाएगा, क्योंकि बिना तय किए अनाज से भरी ट्राली को राइस मिल में ले जाने पर राइस मिल स्वामी द्वारा तमाम खामियां निकालकर औने- पौने दाम में धान खरीदने की कोशिश कर किसानों का शोषण किया जा रहा है। किसानों के धरना प्रदर्शन की सूचना पर तमाम राइस मिलर्स भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान कुछ किसानों की राइस मिलर्स से तीखी नोंक झोंक भी हो गई। नोंकझोंक के दौरान किसानों ने राइस मिलर्स को जमकर खरी खोटी सुनाते हुए अधिकारियों की मिली भगत से किसानों का शोषण करने के गंभीर आरोप लगाए। मौके पर श्रवण सिंह, गुरदेव सिंह, हरदेव सिंह, प्रभजोत सिंह, मुन्नालाल, जमुना प्रसाद सहित तमाम किसान मौजूद रहे।



# रास्ते में पटाखे जलाने से गुस्साए ग्रामीण ने युवक पर फेंका केमिकल

रूड़की। सड़क पर पटाखा फोड़ रहे युवक पर एक व्यक्ति ने छत से केमिकल फेंक दिया। युवक का पूरा शरीर बुरी तरह झुलस गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आरोपी की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। मंगलवार रात आठ बजे भिक्कमपुर गांव के सौरभ, राहुल, पंकज, दीपक, विशाल आदि इकट्ठा होकर सड़क पर पटाखे फोड़ रहे थे। आरोप है कि घर के बाहर पटाखे फोड़ने से नाराज गोवर्धन (55) व्यक्ति ने उनके ऊपर केमिकल फेंक दिया। इससे सौरभ बुरी तरह झुलस गया, जबकि अन्य युवकों के ऊपर भी छींटे पड़े। गंभीर रूप से झुलसे सौरभ के शोर मचाने पर उसके परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने गोवर्धन की जमकर धुनाई कर दी। बताया जा रहा है कि वह नशे में था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद पुलिस आरोपी को पकड़कर चौकी ले आई। चौकी प्रभारी वीरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि गांव के शेर सिंह ने की तहरीर पर गोवर्धन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। वहीं, चर्चा यह भी रही कि युवक के ऊपर तेजाब फेंका गया है, जबकि पुलिस ने केमिकल ही बताया।

# युवक ने बछिया के साथ किया दुष्कर्म

किच्छा(उद संवाददाता)। घर से बछिया चुरा कर बछिया के साथ दुष्कर्म करने का एक प्रकरण कोतवाली में दर्ज किया गया है। कोतवाली में दर्ज प्राथमिक के अनुसार विनोद कुमार पुत्र रामगुलाम निवासी वार्ड न0 2 सुनहरा फार्म ने पड़ोस में रह रहे अपने भाई सुनील कुमार पर आरोप लगाया है कि उसने देर रात्रि को उसके घर में बछिया के साथ दुष्कर्म किया है जो नशे का आदि है। आरोप लगाया गया है कि बीती रात को उसके भाई सुनील ने उसकी एक साल की बछिया जो कि झोपड़ी में बंधी थी को खोलकर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया । बछिया सुबह छह बजे भाई के घर पर मिली है ।




